


सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

# नेबरहुड एसोसिएशन गाइड

BRAMPTON

# विषय सूची


1. परिचय 3
2. नेबरहुड एसोसिएशन क्या है? 5
3. ब्रैम्पटन नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन 7
   - A. सिटी के साथ एफिलिएटेड कैसे बनें? 8
   - B. सिटी के साथ एफिलिएटेड होने के लिए क्या जरूरी है? 9
   - C. एफिलिएटेड होने की क्या प्रक्रिया है? 11
   - D. नेबरहुड एसोसिएशन के साथ एफिलिएशन में सिटी कौन-सी भूमिका निभाती है? 12
   - E. एफिलिएशन स्टेट्स की मंजूरी 12
   - F. एफिलिएशन स्टेट्स की समाप्ति 13
4. लोगों को जोड़ना 14
   - A. शुरूआत कैसे की जाए! 15
   - B. मेम्बरों को सक्रिय और शामिल कैसे रखें! 17
5. कार्रवाई करना 18
   - A. सिटी से नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट प्राप्त करने के अवसर 19
   - B. नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट का संभावी प्रयोग 20
   - C. प्रति वर्ष प्रोजेक्टों की संख्या 26
   - D. सफल प्रोजेक्ट 26
6. नेबरहुड एक्शन प्लान 27
   - A. नेबरहुड एक्शन प्लान क्यों बनाना है? 28
   - B. दृष्टिकोण 29
   - C. संपत्ति की पहचान करने वाली गतिविधि 30
7. आपके नजदीकी नेबरहुड की झलकियां! 31
8. स्वीकृतियां 34



COMMUNITY SAFETY & WELL-BEING

# भाग एक

# परिचय



# परिचय

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस (सी.एस.डबल्यू.ओ.) (Community Safety & Well-Being Office) (CSWO), ब्रैम्पटन नेबरहुड एसोसिएशन गाइड पेश करने के लिए उत्साहित है। जगह-आधारित दृष्टिकोणों का प्रयोग करते हुए, नेबरहुड हमारे काम का मुख्य हिस्सा हैं। नरचरिंग नेबरहुड प्रोग्राम (Nurturing Neighbourhoods Program) से निवासियों की भागीदारी के द्वारा, सी.एस.डबल्यू.ओ. ने सुना कि सुरक्षित महसूस करना, संसाधनों से जुड़े होना और अपनेपन की भावना होना, कम्युनिटी में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

नेबरहुड एसोसिएशन गाइड, काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान (Community Safety Action Plan) (2022-2027) में पहचानी गई युक्ति है। यह संसाधन, क्षमता बढ़ाने और निवासियों का नेटवर्क स्थापित करने के लिए जानकारी साझी करता है, ताकि उनके नेबरहुड्स में सुरक्षा संबंधी चिंताओं का पता लगाने और उन्हें दूर करने के लिए मिलजुल कर काम करते हुए सहयोग किया जा सके।

नेबरहुड एसोसिएशन गाइड का उद्देश्य, निवासियों की भलाई में सुधार करने से जुड़े हित के साथ, वालंटियरों या लोगों द्वारा संचालित निवासियों के समूहों की सहायता करना और और सी.एस.डबल्यू.ओ. नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट के प्रयोग का संक्षिप्त वर्णन करना है।




# भाग दो

# नेबरहुड एसोसिएशन क्या है?

# नेबरहुड एसोसिएशन क्या है?

नेबरहुड एसोसिएशन, एक ही नेबरहुड के निवासियों का वालंटियर समूह है, जो अपने नेबरहुड्स में सुधार करने के तरीकों को पहचानने के लिए इकट्ठे होते हैं और उन बदलावों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

नेबरहुड का वर्णन ऐसे क्षेत्र के तौर पर किया गया है, जहां लोग साथ रहते हैं और एक-दूसरे के साथ व्यवहार करते हैं। हम यह प्रत्येक नेबरहुड एसोसिएशन पर छोड़ते हैं कि वे अपनी खुद की सीमाएं निर्धारित कर सकें, जो अलग-अलग कारकों पर आधारित हों, भौगोलिक जगह, सुविधाओं की समीपता, साझे लक्ष्यों, मूल्यों और/अथवा उनके क्षेत्रों के बारे में संपूर्ण भावना और पहचान। सी.एस.डबल्यू.ओ., मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशनें और उनकी सीमाओं के बारे में जानकारी प्रदान करके और किसी खास क्षेत्र में आपसी दावे के किसी भी मामलों को हल करने में मदद करके सहायता कर सकता है।

नेबरहुड एसोसिएशन, अपने साथी निवासियों को मिलने, नेबरहुड के अंदर ताकतों और कमजोरियों, दोनों की पहचान करने और कम्युनिटी के सुधार के लिए मिलकर काम करने का शानदार तरीका है। जुड़े हुए, नेबरहुड्स, स्थिर नेबरहुड्स होते हैं।

***"नेबरहुड एसोसिएशनें, पड़ोसियों के साथ दोस्ती और ज्ञान को बढ़ाती हैं।"***

- निवासी, नरचरिंग नेबरहुड्स प्रोग्राम सर्वेक्षण



COMMUNITY SAFETY & WELL-BEING

# भाग तीन

# ब्रैम्पटन नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन

ब्रैम्पटन में नेबरहुड एसोसिएशनों को सिटी के साथ एफिलिएटेड होने की सलाह दी जाती है। एफिलिएशन स्टेट्स, उन समूहों की सहायता के लिए प्रदान की जाती है, जो स्वास्थ्य और भलाई के, सिटी के कार्पोरेट स्ट्रैटजिक फोकस क्षेत्र में योगदान देते हैं।

# A सिटी के साथ एफिलिएटेड कैसे बनें?

एफिलिएटेड होने से, **सी.एस.डबल्यू.ओ.** के द्वारा निम्नलिखित अवसर खोल दिए जाएंगे:

| ✓ | सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा लाभ |
|---|---|
| | सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एसोसिएशन को, गतिविधियों, खास कार्यक्रमों, प्रोजेक्टों, मीटिंगों, और संबंधित सामान के लिए, नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट के द्वारा, 1,500 डॉलर तक का फंड देगा। |
| | एग्जीक्यूटिव मीटिंगों और/अथवा वार्षिक जनरल मीटिंगों के लिए, सिटी हॉल वेस्ट टावर (City Hall West Tower) (दूसरी या तीसरी मंजिल) में, सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा बोर्डरूम बुकिंग्स (कैपेसिटी सीमाओं के अधीन)। |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ. के कम्युनिटी सेफ्टी कॉर्डीनेटरों के द्वारा सिटी लिएजन तक पहुंच। |
| | कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग के आगामी डिजीटल न्यूजलेटर में प्रदर्शित किए जाने के लिए अवसर। |
| | ब्रैम्पटन कम्युनिटी सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी (बी.सी.एस.ए.सी.) (Brampton Community Safety Advisory Committee) (BCSAC) की सलाह और सहायता तक पहुंच। |
| | नेबरहुड एसोसिएशन की एफिलिएशन वाली पहलकदमियों को कवर करने के लिए जनरल लाइबिलिटी इंश्योरेंस, जैसे कि सी.एस.डबल्यू.ओ. द्वारा मंजूर किया गया है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी सर्विसिज कम्युनिटी ग्रुप एफिलिएशन पॉलिसी (Community Services Community Group Affiliation Policy) के द्वारा इस इंश्योरेंस की लागत कवर करेगी और उसे नेबरहुड एसोसिएशन के नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट प्रोजेक्ट की गतिविधियों और कार्रवाइयों की पूरी सूची की जरूरत होगी। |
| | जानकारी, विचारों, संसाधनों को साझा करने और जुड़ने के अवसरों के लिए अन्य नेबरहुड एसोसिएशनों तक पहुंच। |

एफिलिएटेड होने से, अन्य नेबरहुड एसोसिएशनों के साथ नेटवर्किंग और जुड़े होने की भी अनुमति होती है, जिनकी हिमायत सी.एस.डबल्यू.ओ. द्वारा की गई है और निम्नलिखित अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं:

| ✓ | लाभ |
|---|---|
| | आपसी लाभदायक संबंधों तक पहुंच, जो कम्युनिटी भागीदारी की हिमायत करते हैं और इसे मजबूत बनाते हैं। |
| | एसोसिएशन मेम्बर वालंटियरों द्वारा संचालित नेबरहुड पहलकदमियों के लिए सहायता। |
| | नेबरहुड-संचालित पहलकदमियों के लिए सिटी द्वारा मान्यता, जो कम्युनिटी सुरक्षा और भलाई में वृद्धि करती हैं। |
| | लोकल नेबरहुड चिंताओं पर ध्यान देने के लिए, सिटी के साथ मिलकर काम करने हेतु एसोसिएशन मेम्बरों के लिए अवसरों तक पहुंच। |

# B सिटी के साथ एफिलिएटेड होने के लिए क्या जरूरी है?

मान्यता प्राप्त एफिलिएटेड समूह के तौर पर योग्य होने के लिए और उपयुक्त सहायता और लाभ प्राप्त करने के लिए, नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए निम्नलिखित सभी शर्तों और पात्रता मापदंड को पूरा करना आवश्यक है:

| ✓ | शर्तें और पात्रता |
|---|---|
| **1** | **भूगोल** |
| | नेबरहुड एसोसिएशन, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के अंदर स्थित होनी आवश्यक है।<br>आवश्यक है कि सभी मेम्बर निर्धारित भौगोलिक सीमाओं के अंदर रहते हों, जो नेबरहुड एसोसिएशन द्वारा स्थापित की गई हैं।<br>सी.एस.डबल्यू.ओ., आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर प्रस्तावित सीमाओं की समीक्षा करके मंजूरी देगा और किसी खास क्षेत्र पर आपसी दावे के किसी भी मामलों को हल करने में मदद करेगा।<br>ऐसे मामलों में, सी.एस.डबल्यू.ओ., हल ढूंढने के लिए दोनों पक्षों के साथ मिलकर काम करेगा। इसके नतीजों में शामिल हैं, परंतु इन तक सीमित नहीं हैं:<br>• एफिलिएशन के उद्देश्य के लिए नेबरहुड एसोसिएशनों को मिलाना,<br>• उस सीमा के साथ, एफिलिएशन ग्रांट करना, जिसमें साझी भौगोलिक सीमा वाली कई नेबरहुड एसोसिएशनों को एक ही समय पर फंडों के लिए आवेदन करने की अनुमति न हो,<br>• एफिलिएशन स्टेट्स अस्वीकार करना। |
| **2** | **वित्तीय स्थिरता** |
| | नेबरहुड एसोसिएशन के लिए सही वित्तीय प्रबंधन पद्धतियों और पारदर्शिता का इस्तेमाल करना आवश्यक है। सी.एस.डबल्यू.ओ., क्लोज आउट पीरियड और नवीनीकरण प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर वार्षिक आधार पर, नेबरहुड एसोसिएशन द्वारा नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट फंड्स के प्रयोग की समीक्षा करेगा। |

| ✓ | शर्तें और पात्रता |
|---|---|
| 3 | **ढांचा** |
| | नेबरहुड एसोसिएशन के लिए आवश्यक है कि इसे जनरल मेम्बरशिप, ट्रेजरर और सी.एस.डबल्यू.ओ. तथा नेबरहुड एसोसिएशन के बीच में संपर्क के मुख्य व्यक्ति द्वारा दो मुख्य पोजीशन के चुनाव के द्वारा, एक खुले और लोकतांत्रिक ढंग से संचालित किया जाए। चुनाव की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए, नेबरहुड एसोसिएशन, सहायता के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. को संपर्क कर सकती है। |
| | कम से कम 50% मेम्बरों की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी आवश्यक है। |
| | एक परिवार में से एक (1) वोटर की अनुमति है। |
| | आवश्यक है कि नेबरहुड एसोसिएशन, एक नेबरहुड में से, प्रत्येक अलग-अलग परिवारों में से, ब्रैम्पटन के कम से कम बीस (20) निवासियों से बनी हो। सी.एस.डबल्यू.ओ., आवेदनों और प्रस्तावित सीमाओं की समीक्षा करेगा और उन मामलों की पहचान करेगा, जहां आवेदक, गैर-जरूरी कम्युनिटी डिवीजन से बचने के लिए, मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशन में शामिल होना चाहते हैं। |
| | आवश्यक है कि नेबरहुड एसोसिएशन एक वालंटियर-आधारित समूह हो। |
| 4 | **एग्रीमेंट** |
| | नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए एक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने और उसका पालना करना आवश्यक है, जो एफिलिएशन के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. की शर्तों और अन्य संबंधित जानकारी का संक्षिप्त वर्णन देता है। |
| 5 | **गतिविधियां** |
| | आवश्यक है कि नेबरहुड एसोसिएशन की एक या अधिक नेबरहुड-आधारित गतिविधि, प्रोग्राम या कार्यक्रम हो, जो सिटी के स्वास्थ्य और भलाई के कार्पोरेट स्ट्रैटजिक फोकस क्षेत्र और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान की हिमायत करता हो।<br>नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए एडवांस में ही सी.एस.डबल्यू.ओ. के पास किसी भी गतिविधियों/ शेड्यूलों/ तारीखों (जैसे, नेबरहुड की सफाई, पौधे लगाना, पार्टियां आदि) की एक प्रति जमा करनी आवश्यक है, लागतों से संबंधित वित्तीय जानकारी और नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट फंड्स के प्रयोग सहित। |
| 6 | **अन्य शर्तें** |
| | नेबरहुड एसोसिएशन के लिए मीटिंग के संक्षिप्त विवरणों और मीटिंग हाजिरी का रिकॉर्ड रखते हुए, एफिलिएशन ग्रांट प्राप्त होने वाले वर्ष के अंदर एक एनुअल जनरल मीटिंग (ए.जी.एम.) रखना आवश्यक है। |
| | नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए, ओनटैरियो ह्यूमैन राइट्स कोड (Ontario Human Rights Code) का पालन करना आवश्यक है। |
| | नेबरहुड एसोसिएशन की कंपोजीशन, सी.एस.डबल्यू.ओ. के पास जमा करना आवश्यक है। अपडेट्स या बदलाव, किसी भी मूल बदलाव (जैसे संपर्क के मुख्य व्यक्ति, ट्रैजरर आदि में बदलाव) के तीस (30) दिनों के अंदर सी.एस.डबल्यू.ओ. के पास जमा करने आवश्यक हैं। |
| | किसी भी वार्षिक या खास जनरल मेम्बरशिप मीटिंगों के बारे में एक महीना पहले ही, सी.एस.डबल्यू.ओ. को सूचना प्रदान करना आवश्यक है। |

# C एफिलिएटेड होने की क्या प्रक्रिया है?

| ✓ | स्टेप्स |
|---|---|
| 1 | **सी.एस.डबल्यू.ओ. वेबसाइट पर जाना** |
| | पहचानी गईं शर्तों और पात्रता पढ़ें (यह, |
| | www.brampton.ca/communitysafety पर या इस गाइड के पृष्ठों 9-10 पर उपलब्ध हैं)। |
| | शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. से (CSWO@brampton.ca) संपर्क करें, यदि जरूरी हो। |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन फार्म पूरा करें |
| | यदि आपकी नेबरहुड एसोसिएशन, शर्तों और पात्रता मापदंड को पूरा करती है, तो इनटेक पीरियड के अंदर ऑनलाइन आवेदन फार्म पूरा करें। वैकल्पिक फॉर्मेट, निवेदन करने पर उपलब्ध हैं। आवेदन में शामिल होगा और जरूरी होगा कि नेबरहुड एसोसिएशनें, सी.एस.डबल्यू.ओ. प्रोजेक्ट कार्य योजना और बजट टेम्पलेट को पूरा करें। |
| | नेबरहुड एसोसिएशनें, किसी भी सवालों के लिए या आवेदन पूरा करने में सहायता के लिए, सी.एस. डबल्यू.ओ. (CSWO@brampton.ca) को संपर्क कर सकती हैं। |
| 3 | आवेदन की समीक्षा |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ. सभी आवेदनों की समीक्षा करेगा और आठ (8) सप्ताह के अंदर एक मंजूरी स्टेट्स के साथ जवाब देगा। सी.एस.डबल्यू.ओ. के साथ मीटिंग में चर्चा करके सभी मंजूरियां दी जाएंगी। सी.एस.डबल्यू.ओ., ईमेल द्वारा आवेदकों के साथ संचार करेगा, जब तक कि किसी अन्य प्रकार से न बताया गया हो या निवेदन न किया गया हो। |
| 4 | एफिलिएशन स्टेट्स के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. के साथ मीटिंग |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए, मीटिंग तय करने हेतु सफल आवेदकों से संपर्क करेगा। |
| | जब नेबरहुड एसोसिएशनें को एफिलिएशन स्टेट्स प्राप्त हो जाएगा, तो वे लाभों का प्रयोग करना शुरू कर सकते हैं, जैसे भी लागू हो। |
| 5 | रखरखाव और समीक्षा |
| | नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए जरूरी है कि वे, गतिविधियों, मीटिंगों, फाइनेंसेज और प्रोजेक्टों के बारे में, सी.एस.डबल्यू.ओ. के क्लोज-आउट रिपोर्ट टेम्पलेट के बाद, वर्ष के अंत में, सी.एस.डबल्यू.ओ. को रिपोर्ट करें। |
| | एफिलिएशन स्टेट्स का नवीनीकरण वार्षिक आधार पर जरूरी है। हालांकि नवीनीकरण प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर पूरा आवेदन फार्म जरूरी नहीं है, सी.एस.डबल्यू.ओ. का एक प्रतिनिधि, ऊपर सूचीबद्ध रिपोर्टों के संबंध में, नेबरहुड एसोसिएशन लीडरशिप को संपर्क करेगा। |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एसोसिएशन की गतिविधियों, मीटिंगों, फाइनेंसेज और प्रोजेक्टों की समीक्षा के आधार पर नवीनीकरण मंजूरियां देगा। इसके अलावा, सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन एग्रीमेंट और ओनटैरियो ह्युमैन राइट्स कोड संबंधी शिकायतों पर भी विचार करेगा। सिटी के साथ एफिलिएटेड होने की प्रक्रिया कभी भी इतनी आसान नहीं रही! |

**ध्यान दें:** एफिलिएशन आवेदन और फंडिंग में म्युनिसिपल चुनावों के वर्ष में बदलाव हो सकते हैं। फंडिंग और गतिविधियों को म्युनिसिपल चुनावों की तारीख के बाद रोका जा सकता है।

## D नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन में सिटी कौन-सी भूमिका निभाती है?

सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इस गाइड में दी गई सेवाएं प्रदान करके सभी एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशनों की सहायता करेगा।

सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का नेबरहुड एसोसिएशनों के साथ रिश्ता, सहायता और मार्गदर्शन का है। नेबरहुड एसोसिएशनों की सफलता, उनके मेम्बरों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। सी.एस.डबल्यू.ओ. की भूमिका है कि वह नेबरहुड एसोसिएशनों को मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें सहयोग करे, जब भी निवेदन किया जाए, और नेबरहुड एसोसिएशनों को विकसित, संपन्न होने और बढ़ना जारी रखने के लिए उनकी क्षमता में सहायता करे।

एसोसिएशन जितनी अधिक मजबूत होगी, उतनी ही यह उस नेबरहुड के अंदर, जिसे यह सेवा देती है, सुरक्षा और भलाई में वृद्धि करने में अधिक प्रभावी होगी।

सिटी, किसी भी नेबरहुड एसोसिएशन या इसके मेम्बरों के फैसलों और/अथवा कार्रवाईयों के लिए जिम्मेदार नहीं है।

## E एफिलिएशन स्टेट्स की मंजूरी

एफिलिएशन स्टेट्स के लिए आवेदन, अन्य सिटी डिवीजनों के साथ मशविरा करके, सी.एस.डबल्यू.ओ. द्वारा मंजूर किए जाएंगे। मंजूरी की प्रक्रिया में, आवेदन इनटेक बंद होने के बाद आठ (8) सप्ताह तक लग सकते हैं।

मंजूरी मिलने पर, सभी एफिलिएटेड समूहों के लिए जरूरी है कि वे सी.एस.डबल्यू.ओ. के साथ नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. को मिलें। इस कॉन्ट्रैक्ट की शर्त है कि प्रत्येक नेबरहुड एसोसिएशन, इस गाइड में दी गई बातों का पालन करे।

एफिलिएशन स्टेट्स के लिए मंजूरियां, मंजूरी की तारीख से अधिक से अधिक एक (1) वर्ष तक के लिए दी जाती हैं। एफिलिएटेड समूहों के लिए आवश्यक है कि वे अपने स्टेट्स को जारी रखने के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया के द्वारा सी.एस.डबल्यू.ओ. से जुड़ें। बाद के वर्षों के लिए मंजूरी नहीं दी जाती।

# F एफिलिएशन स्टेट्स की समाप्ति

एफिलिएशन स्टेट्स, सी.एस.डबल्यू.ओ. द्वारा रद्द किया जाएगा और सहायता के लिए भविष्य के निवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं, यदि नेबरहुड एसोसिएशन:

- एफिलिएशन द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करती है,
- वित्तीय तौर पर जिम्मेदार तरीके से संचालन करने में असफल रहती है,
- ओनटैरियो ह्यूमैन राइट्स कोड का पालन करने में असफल रहती है, और/अथवा
- नेबरहुड एसोसिएशन एग्रीमेंट के विपरीत ढंग से काम करती है

एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए, ओनटैरियो ह्यूमैन राइट्स कोड का पालना करना आवश्यक है। कोड के अंतर्गत प्रतिबंधित आधारों में शामिल हैं, जाति, वंश, मूल स्थान, नसलीय मूल, नागरिकता, जिनसी निर्धारण, लिंग, लैंगिक पहचान, लैंगिक अभिव्यक्ति, विकलांगता, रंग, संप्रदाय, उम्र, विवाहित स्टेट्स, पारिवारिक स्टेट्स, बदले की कार्रवाई, पब्लिक सहायता (रिहायश में) की प्राप्ति, अपराधों के रिकॉर्ड (रोजगार में) से संबंधित किसी भी तरह के पक्षपात और एसोसिएशन के कारण पक्षपात।

यदि एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशन के किसी भी मेम्बर द्वारा ऊपर सूचीबद्ध प्रतिबंधित आचरण की रिपोर्ट मिलती है, तो सी.एस.डबल्यू.ओ. द्वारा एफिलिएशन स्टेट्स की समीक्षा की जाएगी और संभावी तौर पर इसे रद्द किया जाएगा। ऐसे आचरण की रिपोर्टें, सी.एस.डबल्यू.ओ. के संबंधित संपर्क व्यक्ति और/अथवा सी.एस.डबल्यू.ओ. प्रबंधन को की जा सकती हैं। सी.एस.डबल्यू.ओ., प्रतिबद्ध है कि वह प्रतिबंधित आचरण की रिपोर्टों समीक्षा इस तरह से करे, जिससे शिकायतकर्ता का अधिकतम बचाव हो। सी.एस.डबल्यू.ओ., प्रतिबंधित आचरण की रिपोर्टों का जवाब, विभिन्न डिग्री वाली कार्रवाई के साथ देता है, जिनमें शामिल हैं, परंतु इन तक सीमित नहीं हैं, चेतावनियां देना और एफिलिएटेड स्टेट्स की समाप्ति। नेबरहुड एसोसिएशनें, जो एग्रीमेंट के विपरीत चलने वाले मेम्बर संबंधी सहायता चाहती हैं, वे सहायता के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. को संपर्क कर सकती हैं।

नेबरहुड एसोसिएशनें, किसी भी समय एफिलिएटेड स्टेट्स समाप्त कर सकती हैं। एफिलिएशन समाप्त करने के निवेदन, सी.एस.डबल्यू.ओ. (CSWO@brampton.ca द्वारा) को लिखित रूप में किए जाने आवश्यक हैं और समूह के संपर्क के मुख्य व्यक्ति द्वारा उन पर हस्ताक्षर किए जाने आवश्यक हैं।

COMMUNITY SAFETY & WELL-BEING



# भाग चार

# लोगों को जोड़ना

ब्रैम्पटन के नेबरहुड, विविधता और संस्कृति में संपन्न हैं। यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि ऐसी एसोसिएशनों बनाने का हर संभव प्रयास किया जाता है, जो नेबरहुड का प्रतिबिंब हों। इसे हासिल करने के लिए, नेबरहुड एसोसिएशनों के लिए मेम्बरशिप भर्ती स्ट्रैटजी, खास होनी चाहिए और इसमें कई तरह के कारक शामिल होने चाहिएं:

| ✓ | चिंतन |
|---|---|
| | परिवार का प्रकार |
| | संस्कृति और धर्म |
| | आयु वर्ग |
| | भाषाएं |
| | योग्यताएं |
| | लिंग और/अथवा लैंगिक पहचान |
| | लिंगभेद |

*"मेरे नेबरहुड में नेबरहुड एसोसिएशन की जरूरत है क्योंकि पड़ोसी घुलते-मिलते नहीं हैं और किसी को भी अपनेपन की भावना महसूस नहीं होती।"*

\- निवासी, नरचरिंग नेबरहुड्स प्रोग्राम सर्वेक्षण

## A शुरूआत कैसे की जाए!

पड़ोसियों से जुड़ने और नेबरहुड एसोसिएशन शुरू करने के लिए इन लाभदायक सुझावों का पालन करें:

| ✓ | स्टेप्स |
|---|---|
| **1** | **अपने पड़ोसियों से मिलें** |
| | अपने पड़ोसियों के बारे में जानें! |
| | ऐसे पड़ोसियों का एक समूह इकट्ठा करें, जिन्हें नेबरहुड में सुरक्षा और भलाई में सुधार करने में एक जैसी रुचि हो। |
| | यह पता लगाने के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. को संपर्क करें कि क्या आपके क्षेत्र में कोई मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशन है। |
| **2** | **सामूहिक बातचीत शुरू करें** |
| | मुफ्त ऑनलाइन सोशल/डिजीटल प्लेटफार्मों पर एक वर्चुअल (आभासी) सामूहिक बातचीत शुरू करें। मदद और विचारों के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. (CSWO@brampton.ca) को संपर्क करें। |
| | नजदीकी कम्युनिटी पार्क या ट्रेल में व्यक्तिगत सामूहिक बातचीत शुरू करें। |
| | सुनिश्चित करें कि संचार का(के) ढंग, टेक्नोलॉजी तक अलग-अलग प्रकार की पहुंच वाले लोगों के लिए भी उपयुक्त हैं और भाषा संबंधी रुकावटों वाले लोगों के लिए भी उपयुक्त हैं। |
| | बातचीत करने के संभावी विषय: सुरक्षा, सुंदरता, जुड़े रहना, संसाधनों तक पहुंचना। |

| ✓ | स्टेप्स |
|---|---|
| 3 | **औपचारिक रूप देना** |
| | ऐसे पड़ोसियों के समूह के साथ एक औपचारिक नेबरहुड एसोसिएशन स्थापित करें, जिन्होंने अब तक भागीदारी निभाई है। |
| | समूह के नाम की पहचान करें, उदाहरण के लिए: आपकी "गली का नाम/नेबरहुड का नाम नेबरहुड एसोसिएशन।" |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ. स्टाफ के साथ अपनी भौगोलिक सीमा पहचानें और उसे अंतिम रूप दें। |
| | मापदंड, निर्देश, कंपोजीशन और संचार के नियम तय करें। |
| 4 | **नेबरहुड सैर की योजना बनाएं** |
| | इस बारे में बातचीत करने के लिए कि आपको क्या पसंद है और किस चीज में सुधार देखना चाहते हैं, पड़ोसियों के साथ अपने नेबरहुड में हल्की-फुल्की सैर करें। |
| | नेबरहुड के लिए लक्ष्य, प्राथमिकताओं और एक संपूर्ण दृष्टिकोण तय करें। |
| | नेबरहुड संपत्तियों की पहचान करें। |
| 5 | **बातचीत जारी रखें!** |
| | नेबरहुड एसोसिएशन के लिए एक ढांचा निर्धारित करें, समय सीमाएं, फॉर्मैट और मीटिंगों सहित। |
| | भविष्य के प्रोजेक्टों और फैसलों पर वोट डालने की अपनी समूह की प्राथमिकता वाली विधि की पहचान करें। सी.एस.डबल्यू.ओ., सलाह देता है कि वोट के लिए मौजूद मेम्बरों की निश्चित या कम से कम संख्या निर्धारित करने और समूह की संपूर्ण इच्छाओं को निर्धारित करने के लिए, 50% +1 वोटिंग सीमा का प्रयोग करने के बारे में सोचें। इस विधि का उद्देश्य, समूहों पर वोटों के लिए हाजिरी संबंधी अनुचित बोझ डाले बिना, नेबरहुड की सर्वसम्मति वाली जरूरतों और इच्छाओं को दर्शाना है। |
| | मीटिंग/बातबीत कितनी बार करनी है, यह निर्धारित करें। |
| | मिलना-जुलना जारी रखें और समूह द्वारा पहचानी गई प्राथमिकताओं के बारे में बातचीत करें। |

## B मेम्बरों को सक्रिय और जुड़ा हुआ कैसे रखा जाए!

नेबरहुड एसोसिएशनें, कम्युनिटी में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। निम्नलिखित सुझाव समूह को प्रेरित करते रहेंगे और नेबरहुड एसोसिएशन की गतिविधियों में उनकी नियमित भागीदारी कायम रखेंगे:

| ✓ | स्टेप्स |
|---|---|
| 1 | **ढांचा स्थापित करें** |
| | मेम्बरशिप संबंधी जरूरतें, नेबरहुड सीमाएं, गवर्नेंस, मिशन, दृष्टिकोण और मूल्यों के लिए एक ढांचा परिभाषित और स्थापित करें। |
| 2 | **संचार का(के) साधन स्थापित करें** |
| | एक या अधिक चैनलों पर नियमित रूप से मेम्बरों के साथ बातचीत करें (जैसे न्यूजलेटर या सोशल/डिजीटल प्लेटफार्म)। |
| 3 | **साझी रुचियों/मुद्दों पर चर्चा करें** |
| | नेबरहुड में समस्या हल करने या साझी रुचियों या मुद्दों के बारे में जानने हेतु इकट्ठे हों और मिलकर काम करें, जैसे सुरक्षा, संसाधनों तक पहुंच और कार्रवाई करना। |
| 4 | **नियमित मीटिंगें रखें** |
| | कोई उपयुक्त जगह बुक करें, जो सभी मेम्बरों के लिए सुविधाजनक और सुलभ हो। मीटिंग निश्चित करने के लिए एक एजेंडा तैयार करें। चर्चाओं का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी किसी मेम्बर को दें।<br>जवाबदेही के लिए मीटिंग चर्चाओं के नोट्स, कार्रवाई आइटमें, फैसले और नतीजे साझे करें। सुनिश्चित करें कि मीटिंग की पूरी बातचीत, सभी के लिए पारदर्शी और सुलभ है। |
| 5 | **मुख्य फैसलों और प्रोजेक्टों पर वोट दें** |
| | उन मुख्य फैसलों और प्रोजेक्टों, जिन्हें समूह आगे बढ़ाना चाहता है, पर वोटें डलवाकर मेम्बरों को शामिल करें। यह सुनिश्चित करता है कि सभी फैसलों में कम्युनिटी की आवाज सुनी जाती है और नेबरहुड एसोसिएशन की गतिविधियों में स्वामित्व की भावना को आगे बढ़ाने में मदद करता है। |
| 6 | **नियमित कार्यक्रम आयोजित करें** |
| | कार्यक्रमों की योजना बनाकर और उनमें शामिल होकर मेम्बरों को शामिल करें, जैसे नेबरहुड जनसमूह, नेबरहुड टूर और सैर तथा अपने पड़ोसियों से मिलने और घुलने-मिलने के अन्य मजेदार अवसर। |

COMMUNITY SAFETY
& WELL-BEING



# भाग पांच

# कार्रवाई करना

सिटी, हमारे नेबरहुड्स को बेहतर बनाने के प्रति  कार्रवाई करने नेबरहुड एसोसिएशनों के प्रयासों में उनकी सहायता करती है। सी.एस.डबल्यू.ओ. का मुख्य लक्ष्य, प्रक्रिया के लिए संसाधन, टूल्स और सहायता प्रदान करना और निवासियों के लिए उनके नेबरहुड्स में शानदार काम करने को अधिक आसान बनाना है।

क्या आपको नेबरहुड एसोसिएशन प्रोजेक्ट शुरू करने में मदद की जरूरत है? इस लाभदायक चेकलिस्ट का अनुसरण करें:

| ✓ | कार्य |
|---|---|
| | अपनी नेबरहुड एसोसिएशन के अंदर एक प्रोजेक्ट के बारे में सोचें! लक्ष्य ऐसा प्रोजेक्ट होना चाहिए, जो सुरक्षा और भलाई में वृद्धि करता हो। |
| | कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए अपनी नेबरहुड एसोसिएशन के अंदर काम करें, प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना जारी रखें और उनकी पहचान करें, जो प्रोजेक्ट का नेतृत्व या सहायता करना चाहते हैं। |
| | प्रोजेक्ट का बजट विकसित करें। प्रोजेक्ट के लिए लागत निर्धारित करें, सामान या उपकरण के लिए अनुमानों सहित। |
| | सी.एस.डबल्यू.ओ. के पास अपनी प्रोजेक्ट योजना और एफिलिएशन के लिए आवेदन जमा करें। इसमें संबंधित लागतों सहित, वित्तीय विवरण शामिल होने चाहिएं। |
| | इसे संभव बनाएं! |
| | प्रोजेक्ट समाप्ति पर सी.एस.डबल्यू.ओ. और बी.सी.एस.ए.सी. को रिपोर्ट करें। किसी भी खरीदे गए सामान या अन्य संबंधित लागतों संबंधी विवरण शामिल करें। |

# A सिटी से नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट प्राप्त करने के अवसर

सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा, 2024 की बजट प्रक्रिया के द्वारा वितरित किए जाने वाले फंड के साथ, लोकल नेबरहुड एसोसिएशनों की सहायता के लिए फंडिंग स्रोत प्रदान किया जाएगा।

ब्रैम्पटन में नेबरहुड एसोसिएशनों के पास एफिलिएशन के लिए आवेदन करने का अवसर होगा। मंजूरी मिलने पर, सी.एस.डबल्यू.ओ., निम्नलिखित तक पहुंच के लिए नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट के द्वारा, नेबरहुड एसोसिएशन गाइड प्रोजेक्ट सूची में से नेबरहुड एसोसिएशन के प्रोजेक्टों/पहलकदमियों के लिए 1,500 डॉलर तक का फंड देगा:

- सिटी हॉल वेस्ट टावर (दूसरी और तीसरी मंजिल) में सिटी के स्वामित्व वाली बोर्डरूम जगह।
- पब्लिक जगह की सुंदरता, सफाई और नेबरहुड प्रॉपर्टीज के रखरखाव के लिए पहले से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने संबंधी प्रोजेक्ट।
- नेबरहुड में अपनेपन की भावना बढ़ाने संबंधी प्रोजेक्ट, स्ट्रीट पार्टियों और स्ट्रीट बारबेक्यु जैसे कार्यक्रमों के द्वारा।

नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट तक पहुंच के लिए सी.एस.डबल्यू.ओ. निर्देशों का पालन करना आवश्यक है, जहां से आवेदकों से उम्मीद की जाती है:

| ✓ | शर्तें |
|---|---|
| | आउटपुट्स और उपायों का संक्षिप्त विवरण दें। |
| | कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान के मुताबिक प्रोजेक्ट(टों), मीटिंग(गों), या कार्यक्रम(मों) करें। |
| | नतीजों और खर्चों के बारे में सी.एस.डबल्यू.ओ.और बी.सी.एस.ए.सी. की रिपोर्ट करें। |

# B नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट का संभावी प्रयोग

सफल एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशन आवेदकों के पास, सी.एस.डबल्यू.ओ. के द्वारा उपलब्ध नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट का प्रयोग करने का अवसर होगा, यह नीचे वर्णन किए फोकस क्षेत्रों और सुझाए गए संबंधित प्रोजेक्टों के साथ, कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान से संबंधित कई उद्देश्यों के लिए होगा।

- ***सुरक्षा:*** सुरक्षा और लोकल सौंदर्यीकरण में सुधार करने के लिए उपायों की व्यवस्था करके उन्हें कार्यरूप देना। सुंदर दिखने वाला नेबरहुड, नेबरहुड की संपूर्ण धारणा में और नेबरहुड पहलकदमियों में हिस्सा लेने की व्यक्ति की रुचि में सुधार करता है।
- ***जागरूकता:*** नेबरहुड दृष्टिकोणों और लक्ष्यों के बारे में चर्चा करने के लिए और लोगों को संसाधनों और जानकारी से जोड़ने के लिए, नेबरहुड कार्यक्रमों, मीटिंगों और/अथवा सैर टूरों का प्रबंध करके उन्हें आयोजित करना।
- ***सशक्तिकरण:*** नेबरहुड के साथ अपनेपन की भावना विकसित करना और स्थानों में जगह बनाने के लिए कार्रवाई करना।

उन संभावी प्रोजेक्टों का संक्षिप्त वर्णन आगे दिया गया है, जो सुरक्षा, जागरूकता, और सशक्तिकरण क्षेत्रों में आते हैं:

| ✓ | प्रोजेक्ट | वर्णन | थीम | उपलब्ध फंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| | कूड़ा उठाना | पार्कों, ट्रेल्स, स्कूलों और अन्य पब्लिक जगहों पर और इनके आसपास कूड़ा उठाने के लिए, नेबरहुड सफाई कार्यक्रम का प्रबंध करें। सिटी के पार्कों के सफाई प्रोग्राम (City's Parks Cleanup Program) के बारे में अधिक जानकारी, ऑनलाइन उपलब्ध है। | सौंदर्यीकरण | $1,500 डॉलर तक |
| | ग्राफिटी हटाना | नेबरहुड में उन क्षेत्रों की पहचान करें, जहां ग्राफिटी हटाने की जरूरत है। ग्राफिटी हटाने वाली गतिविधियों/दुबारा पेंटिंग/सफाई में हिस्सा लें। रखरखाव योजना विकसित करें।<br>यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | सौंदर्यीकरण | $1,500 डॉलर तक |
| | पब्लिक जगहों पर फूलों के पौधे | नेबरहुड में फूलों के पौधे लगाने और पौधों के रखरखाव के लिए एक योजना विकसित और लागू करने के लिए पब्लिक जगहों की पहचान करना।<br>यह प्रोजेक्ट, संभव अध्ययन के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के पार्क्स मेंटेनेंस एंड फोरेस्ट्री (Parks Maintenance & Forestry) डिवीजन के साथ मशविरे में होना आवश्यक है और इसके लागू होने की गारंटी नहीं है। | सौंदर्यीकरण | $1,500 डॉलर तक |
| | ट्रैफिक को धीमा करने के लिए फूलों के पौधे (लैंडस्केप्ड स्ट्रीट मीडियन्स) | नेबरहुड में लोकल रोडवेज की पहचान करें, ताकि पैदल चलने वालों, साइकिल चलाने वालों और मोटर वाहन चलाने वालों के लिए ट्रैफिक सुरक्षा में सुधार करने के लिए फिजीकल डिजाइन तत्व के तौर पर फूलों के पौधे या लैंडस्केप्ड स्ट्रीट मीडियन्स लागू किए जा सकें।<br>यह प्रोजेक्ट, संभव अध्ययन के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के वर्क्स एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (Works & Engineering Department) और पार्क्स मेंटेनेंस एंड फोरेस्ट्री डिवीजन के साथ मशविरे में होना आवश्यक है और इसके लागू होने की गारंटी नहीं है। | सुरक्षा | $1,500 डॉलर तक |





| ✓ | प्रोजेक्ट | वर्णन | थीम | उपलब्ध फंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| | पब्लिक बेंच डेडिकेशन | नेबरहुड में उन क्षेत्रों की पहचान करें, जहां पब्लिक बेंचों से से लाभ मिल सकता है। बेंच डेडिकेशन्स (bench Dedications) के बारे में अधिक जानकारी, ऑनलाइन उपलब्ध है। | प्लेसमेकिंग | $1,500 डॉलर तक |
| | पेंट किए अवशेष के भंडार | प्रयोग को प्रोत्साहित करने और कूड़े को रोकने के लिए, बेकार डिब्बे पेंट करने हेतु नेबरहुड-संचालित प्रोजेक्ट के लिए लोकल कलाकारों के साथ साझेदारी करें। यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | सौंदर्यीकरण | $1,500 डॉलर तक |
| | सूचना बोर्ड | सूचना की अदला-बदली और कूड़े से बचने के लिए नेबरहुड सूचना/संसाधन बोर्ड और रखरखाव योजना के लिए क्षेत्रों की पहचान करें। | प्लेसमेकिंग | $1,500 डॉलर तक |
| | पॉप-अप लाइब्रेरियां | नेबरहुड पॉप-अप लाइब्रेरी के लिए और संसाधन जुटाने के लिए क्षेत्रों की पहचान करें। यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | प्लेसमेकिंग | $1,500 डॉलर तक |
| | पॉप-अप मार्किटें | नेबरहुड पॉप-अप मार्किट के लिए और संसाधन जुटाने के लिए क्षेत्रों की पहचान करें। यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | प्लेसमेकिंग | $1,500 डॉलर तक |

| ✓ | प्रोजेक्ट | वर्णन | थीम | उपलब्ध फंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| | एक पार्क अडॉप्ट करना | वालंटियर, सिटी पार्क के रखरखाव, सौंदर्यीकरण, खुली जगह बढ़ाने के लिए और इसे सभी के लिए सुरक्षित रखने हेतु पार्क की खास देखभाल करने के लिए समय और संसाधन डोनेट कर सकते हैं। पार्क को अडॉप्ट करके, वालंटियरों का एक समूह, दो-वर्षीय अडॉप्शन पीरियड तक छह (6) स्टीवार्डशिप गतिविधियों या कार्यक्रम करने का संकल्प लेता है। अधिक जानकारी, ऑनलाइन (online) उपलब्ध है। | अपनेपन की भावना | **$1,500** डॉलर तक |
| | नेबरहुड के प्रवेश-द्वार में फूलों की क्यारियां | नेबरहुड के प्रवेश-द्वार में फूलों की क्यारियों के डिजाइन और पौधे लगाने में सहायता करना या इसका नेतृत्व करना।<br>इस प्रोजेक्ट का मूल्यांकन और इस पर काम, सिटी के पार्क्स मैंटेनेंस एंड फोरेस्ट्री डिवीजन के द्वारा, 311 सेवा निवेदन जमा करने के बाद किया जाएगा। | सौंदर्यीकरण | **$1,500** डॉलर तक |
| | रास्ता ढूंढने के साइन बोर्ड | नेबरहुड में उन क्षेत्रों की पहचान करें, जिनमें रास्ता ढूंढने के नए या अतिरिक्त साइन बोर्ड लगाने की जरूरत है।<br>यह प्रोजेक्ट, संभव अध्ययन के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है और इसके लागू होने की गारंटी नहीं है। | प्लेसमेकिंग | **$1,500** डॉलर तक |



| ✓ | प्रोजेक्ट | वर्णन | थीम | उपलब्ध फंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| | पेंट की गई ट्रेलें | नेबरहुड के अंदर सौंदर्यीकरण के लिए और अपनेपन की भावना बढ़ाने के लिए, नेबरहुड ट्रेल(लें) पेंट करने के लिए नेबरहुड-संचालित प्रोजेक्ट के लिए लोकल कलाकारों के साथ साझेदारी करें।<br>यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | प्लेसमेकिंग | $1,500 डॉलर तक |
| | मल्टीपर्पज कोर्ट आर्टवर्क | मल्टी-पर्पज कोर्टों के नेबरहुड-संचालित सौंदर्यीकरण के लिए लोकल कलाकारों के साथ साझेदारी करें।<br>यह प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले, उपयुक्त सामान और रखरखाव को, सी.एस.डबल्यू.ओ. और उपयुक्त सिटी डिवीजनों के साथ निर्धारित करना आवश्यक है। | सौंदर्यीकरण | $1,500 डॉलर तक |
| | स्ट्रीट पार्टियां | अपनी नेबरहुड एसोसिएशन के साथ एक स्ट्रीट पार्टी की योजना बनाकर इसे आयोजित करें। इसमें, नेबरहुड के अंदर अपनेपन की भावना को बढ़ाने के लिए खास गतिविधियां और 'आपको जानना' जैसी गेम्स शामिल करें।<br>यह प्रोजेक्ट, उपयुक्त परमिट लेने के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है। | अपनेपन की भावना | $1,500 डॉलर तक |
| | स्ट्रीट बारबेक्यू | अपनी नेबरहुड एसोसिएशन के साथ एक स्ट्रीट बारबेक्यू की योजना बनाकर इसे आयोजित करें। इसमें, नेबरहुड के अंदर अपनेपन की भावना को बढ़ाने के लिए खास गतिविधियां और 'आपको जानना' जैसी गेम्स शामिल करें।<br>यह प्रोजेक्ट, उपयुक्त परमिट लेने के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है। | अपनेपन की भावना | $1,500 डॉलर तक |





| ✓ | प्रोजेक्ट | वर्णन | थीम | उपलब्ध फंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| | युवाओं की भागीदारी | कम्युनिटी में युवाओं को शामिल करने के लिए तैयार किए कम्युनिटी जनसमूह की योजना बनाकर इसे आयोजित करें, जैसे पार्क में मूवी या गेम्स नाइट।<br>यह प्रोजेक्ट, उपयुक्त परमिट लेने के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है। | अपनेपन की भावना | $1,500 डॉलर तक |
| | जगह तक पहुंच | म्युनिसिपल जगह तक पहुंच, जैसे नेबरहुड एसोसिएशन के कार्यक्रमों, एग्जीक्यूटिव मीटिंगों या मेम्बरशिप मीटिंगों के लिए रेक्रिएशन सेंटरों या पार्कों में कम्युनिटी रूम्स। | जुड़ाव | $1,500 डॉलर तक |
| | कुत्तों और/अथवा पालतू जानवरों संबंधी कम्युनिटी पार्टियां | कुत्तों और/अथवा पालतू जानवरों के मालिकों को जोड़ने के लिए तैयार किए कम्युनिटी जनसमूह की योजना बनाकर इसे आयोजित करें, जैसे डॉगवॉक या पालतू जानवरों का शो।<br>यह प्रोजेक्ट, उपयुक्त परमिट लेने के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है। | अपनेपन की भावना | $1,500 डॉलर तक |
| | कम्युनिटी फिटनेस संबंधी कार्यक्रम | पड़ोसियों को जोड़ने और शारीरिक गतिविधि हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कम्युनिटी फिटनेस संबंधी कार्यक्रमों की योजना बनाकर इसे आयोजित करें, जैसे पार्क में योगा।<br>यह प्रोजेक्ट, उपयुक्त परमिट लेने के लिए सिटी के उपयुक्त विभागों के साथ मशविरे में होना आवश्यक है। | अपनेपन की भावना | $1,500 डॉलर तक |
| | सीखने के कार्यक्रम | लोकल मुद्दों और अवसरों के बारे में कम्युनिटी के ज्ञान को बढ़ाने के लिए, लोकल विशेषज्ञों और लाइव्ड/लिविंग अनुभव वाले लोकल व्यक्तियों को शामिल करते हुए, कम्युनिटी की शिक्षा नाइट की योजना बनाकर इसे आयोजित करें।<br>थोड़ी फंडिंग का प्रयोग, स्पीकरों के लिए मानदेय प्रदान करने के लिए किया जाना चाहिए। | जुड़ाव | $1,500 डॉलर तक |

**ध्यान दें:** ऊपर दी गई सारणी में सूचीबद्ध सभी संभावी प्रोजेक्टों की अलग-अलग समय सीमाएं हैं। सही प्रोजेक्ट समय सीमाओं के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. से जुड़ें।

## C प्रतिवर्ष प्रोजेक्टों की संख्या

एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशनों को, कुल 1,500 डॉलर तक के प्रोजेक्टों/पहलकदमियों तक के लिए, उनकी नेबरहुड एसोसिएशन की खास भौगोलिक सीमाओं में प्रोजेक्टों के लिए, नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट तक पहुंच के लिए आवेदन करने की अनुमति है।

यदि एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशन की भौगोलिक सीमाओं के लिए अतिरिक्त प्रोजेक्टों की इच्छा है, तो समूह प्रतिवर्ष चलने वाले मल्टीपल प्रोजेक्टों/पहलकदमियों के लिए अतिरिक्त विकल्पों हेतु सी.एस.डबल्यू.ओ. से जुड़ सकता है।

एक भौगोलिक सीमा के लिए कई नेबरहुड एसोसिएशनों को, एक ही समय फंडिंग के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। सी.एस.डबल्यू.ओ., सामूहिक फैसला लेने के लिए प्राप्ति पर सभी आवेदनों और सीमाओं की समीक्षा करेगा।

सी.एस.डबल्यू.ओ., मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशनों और उनकी सीमाओं के बारे में जानकारी प्रदान करके और किसी खास क्षेत्र में आपसी दावे के किसी भी मामलों को हल करने में मदद करके सहायता कर सकता है।

## D सफल प्रोजेक्ट

सफल आवेदकों के लिए जरूरी होगा कि वे यह सुनिश्चित करने के मकैनिज्म के तौर पर कि फंड नेबरहुड के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा के लिए प्रयोग किए जाते हैं, अपने प्रोजेक्टों के बारे में सी.एस. डबल्यू.ओ. और बी.सी.एस.ए.सी. को रिपोर्ट करें और उन्हें कम्युनिटी के साथ अपने प्रोजेक्ट साझे करने के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. क्वाडरेंट कनेक्शन मीटिंगों (CSWO Quadrant Connection Meetings) और वर्कशॉप्स में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एसोसिएशन के सौंदर्यीकरण पर सामूहिक उपायों और बढ़ाए गए सुरक्षा प्रोजेक्टों के परिणामस्वरूप, नेबरहुड्स में सुरक्षा और भलाई के प्रभावों का मूल्यांकन करेगा और नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट की सफलता निर्धारित करने के लिए, उपाय के तौर पर आउटपुट्स और नतीजों को ट्रैक करेगा। सी.एस.डबल्यू.ओ., इस प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर नेबरहुड एसोसिएशन के साथ फॉलो-अप कर सकता है।

*“नेबरहुड-आधारित फेस्टिवल्स और कार्यक्रम, पड़ोसियों के बीच कनेक्शन को बढ़ाने और कम्युनिटी में मदद करेंगे, जो निजी भलाई, सुरक्षा, सलामती और जशनों तथा मुश्किल समय में एक-दूसरे को सहयोग करने की क्षमता में एक महत्वपूर्ण कारक है।”*

- निवासी, नरचरिंग नेबरहुड्स प्रोग्राम सर्वेक्षण

COMMUNITY SAFETY
& WELL-BEING



# भाग छह

# नेबरहुड एक्शन प्लान

नेबरहुड एक्शन प्लान्स के द्वारा, अधिक मजबूत नेबरहुड बनाने के लिए नेबरहुड एसोसिएशनों का सशक्तिकरण किया जाता है, जहां हर कोई सुरक्षित महसूस करे, उसमें अपनेपन की भावना हो और जानकारी तथा संसाधनों से जुड़ा हो।

नेबरहुड एक्शन प्लान्स, नेबरहुड के निवासियों के द्वारा पहचाने गए नेबरहुड दृष्टिकोण तक पहुंचने के लिए, हासिल की जाने योग्य कार्रवाईयों के साथ, नेबरहुड्स के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए छोटी, मध्यम, और लंबी अवधि के लक्ष्यों की पहचान करते हैं।

सी.एस.डबल्यू.ओ., नेबरहुड एक्शन प्लान्स के विकास और कार्यान्वयन में, नेबरहुड एसोसिएशनों की सहायता कर सकता है। कृपया नेबरहुड एक्शन प्लान टेम्पलेट तक पहुंच के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. से संपर्क करें।

## A नेबरहुड एक्शन प्लान क्यों बनाना है?

एक्शन प्लान में निवासियों से सामूहिक चिंतन और विचार लेने के कई कारण हैं – लाभों में शामिल हैं:

| ✓ | लाभ |
|---|---|
| | नेबरहुड के बारे में ज्ञान बढ़ता है। |
| | आपके पड़ोसियों से जुड़ने और उन्हें जानने के अवसर बढ़ते हैं। |
| | नेबरहुड के अंदर अपनेपन की भावना बढ़ती है। |
| | नेबरहुड में निवासियों के लिए शामिल होने और जुड़ने के अवसर बढ़ते हैं। |
| | नेबरहुड्स के अंदर सुरक्षा, जानकारी तक पहुंच और सशक्तिकरण बढ़ता है। |
| | नेबरहुड के साथ कैपेसिटी बिल्डिंग और लीडरशिप के लिए अवसर बढ़ते हैं। |

*“पड़ोसियों से अधिक परिचित होने और अधिक सुरक्षित महसूस करने में हमारी मदद करता है।”*

- निवासी, नरचरिंग नेबरहुड्स प्रोग्राम सर्वेक्षण

# B दृष्टिकोण

नीचे दिए आठ (8) सिद्धांत, आपकी नेबरहुड एसोसिएशन के अंदर नेबरहुड एक्शन प्लान्स के लिए, दृष्टिकोण का संक्षिप्त वर्णन देते हैं। यह पहचान करना कि प्रत्येक नेबरहुड बेजोड़ है, यह सिद्धांत, नेबरहुड्स के लिए कुछ आम आधारों को शामिल करने और उनके प्रति काम करने हेतु स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निवासी-संचालित | निवासी, पहलकदमियों का नेतृत्व करेंगे और विचारों तथा प्रोजेक्टों पर उनका स्वामित्व होगा, जो उनके नेबरहुड में सकारात्मक प्रभाव लाते हैं। |
| 2 | कार्रवाई अनुकूलित | निवासी, अर्थपूर्ण और ध्यान देने योग्य कार्रवाईयां संचालित करने के लिए विचार और प्रोजेक्ट तैयार करेंगे और अपने नेबरहुड में बदलाव लाएंगे। |
| 3 | संपत्तियों पर फोकस | निवासी उन सुविधाओं और संपत्तियों पर फोकस करेंगे, जो उनके नेबरहुड्स में पाई जाती हैं और उनके प्रयोग को बढ़ाने तथा नेबरहुड में लाभ देने के तरीके ढूंढेंगे। |
| 4 | भागीदारी और सहयोग | निवासी, यह सुनिश्चित करने के लिए नेबरहुड एसोसिएशन के अंदर मिलकर काम करेंगे कि पद्धतियां और प्रोग्राम सभी मेम्बरों के लिए उचित, निष्पक्ष हैं और अपनेपन की भावना विकसित करते हैं। |
| 5 | हासिल करने योग्य नतीजे | निवासी उन प्रोजेक्टों और पहलकदमियों पर काम करेंगे, जो उपलब्ध फंडिंग के आधार पर असली और हासिल करने योग्य होंगे (फंड एकत्र करने या कम्युनिटी ग्रांट्स के द्वारा)। |
| 6 | सकारात्मक प्रभाव | एक्शन पलान्स में उन प्रोजेक्टों की पहचान और उन्हें लागू किया जाएगा, जो नेबरहुड के लिए सकारात्मक प्रभाव डालेंगे और बदलाव लाएंगे। |
| 7 | उल्लेखनीय | प्रोजेक्टों और पहलकदमियों की, मैट्रिक्स और डेटे के साथ, सी.एस. डबल्यू.ओ. को रिपोर्ट की जानी चाहिए, जो सकारात्मक प्रभाव और नतीजे दर्शाते हैं। |
| 8 | जवाबदेह | नेबरहुड एसोसिएशनें, एग्रीमेंट में दिए गए आचरण का स्टैंडर्ड कायम रखेंगी और उनसे उम्मीद की जाती है कि वे फंडों और/अथवा प्रोजेक्टों का प्रबंध, नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन प्रोग्राम के लक्ष्यों के मुताबिक करें। |

# C संपत्ति की पहचान करने वाली गतिविधि

**मेरे नेबरहुड में कितनी कम्युनिटीज हैं?**

यह गतिविधि जुड़ाव और अपनेपन के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, साथ ही नेबरहुड संपत्ति मैपिंग के लिए अवसर भी प्रदान कर सकती है। नेबरहुड के अंदर ये पहचानी गईं कम्युनिटीज, नेबरहुड एसोसिएशन के लक्ष्यों और उद्देश्यों को या मेम्बर बनने के लिए सहायता करने योग्य हो सकती हैं।

उदाहरण के लिए, एक सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट को कई तरह की प्रतिभाओं की जरूरत हो सकती है, जैसे माली, कलाकार और लैंडस्केपर्स। बागबानी कम्युनिटी, कलाकार कम्युनिटी, और लैंडस्केपिंग कम्युनिटी के मेम्बर, पहले ही नेबरहुड में निवासी हो सकते हैं, जो सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट में हिस्सा ले रहे हैं और अपने नेबरहुड में सुधार करने के लिए ख़ुशी से अपनी प्रतिभाएं साझी कर सकते हैं।

यह गतिविधि, नेबरहुड एसोसिएशनों को इनकी मौजूदा मेम्बरशिप से आगे विचार करने के लिए भी प्रोत्साहित करती हैं, इस संबंध में समूह का प्रचार करते हुए और समूह के प्रयासों और प्रभाव में दर्शायी गई विविध आवाजों और अनुभवों की बहुलता को बढ़ाते हुए।




## भाग सात

# आपके नजदीकी नेबरहुड की झलकियां!

नेबरहुड एसोसिएशनें इस बारे में जानने में निवासियों की सहायता करती हैं कि उनकी सुरक्षा की भावना में सुधार कैसे किया जाए, उनके नेबरहुड की चिंताओं के बारे में अधिक जागरूक कैसे बना जाए, और उन मुद्दों पर ध्यान देने के लिए सशक्त कैसे बना जाए। नेबरहुड एसोसिएशनें, नेबरहुड स्थिरता बढ़ाती हैं और पूरे शहर में कई सक्रिय समूह हैं, जो अपने नेबरहुड्स में वृद्धि करने पर काम कर रहे हैं। ब्रैम्पटन में मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशनों के कुछ सुझाव और झलकियां देखें!

- **फ्लैचर्स क्रीक स्नैप (वार्ड्स 1 और 5)**

फ्लैचर्स क्रीक नेबरहुड ने, फ्लैचर्स क्रीक सस्टेनेबल नेबरहुड एक्शन प्लान (स्नैप) (Fletcher's Creek Sustainable Neighbourhood Action Plan) (SNAP) विकसित करने के लिए, क्रेडिट वेली कनजरवेशन (Credit Valley Conservation), सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, रीजन ऑफ पील (Region of Peel), लोकल निवासियों, कम्युनिटी मेम्बरों, और लीडर्स के साथ मिलकर काम किया। यह समूह, संसाधन और जानकारी साझी करने, और पेड़ लगाने, स्थिर होम लैंडस्केपिंग और कम्युनिटी भागीदारी सहित कई नेबरहुड पहलकदमियों पर काम करने के लिए इकट्ठा हुआ।

- **हार्ट लेक हैपनिंग्स (वार्ड्स 2 और 6)**

2012 में बनाया गया, निवासियों का यह समूह हार्ट लेक (Heart Lake) नेबरहुड में रहता है, काम करता है या खेलता है, और कम्युनिटी बिल्डिंग विकसित करने और शानदार नेबरहुड जुनून के लिए फेसबुक (Facebook) पर और व्यक्तिगत जनसमूहों में इकट्ठा होता है। 3,000 से अधिक मेम्बर, अपने नेबरबुड से संबंधित विचारों और विषयों में हिस्सा लेते हैं, साझे करते हैं और चर्चा करते हैं।

- **पील विलेज (वार्ड्स 3 और 4)**

पील विलेज (Peel Village) नेबरहुड, उन निवासियों के सक्रिय समूह की मेजबानी करता है, जो अपने नेबरहुड की सुरक्षा को बढ़ाने और इसके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नेतृत्व करने हेतु एक-दूसरे का सशक्तिकरण करते हैं।

- **ब्रैमली स्नैप (वार्ड्स 7 और 8)**

इस प्रोग्राम में शामिल है, निवासी लीडरशिप के साथ मासिक नेटवर्क मीटिंगों, वार्षिक कार्यक्रमों, लोकल साझेदारी विकास में मदद और लोकल पुनर्निमाण प्रोजेक्टों में सहायता के लिए नेबरहुड भागीदारी पर फोकस।

- **माउंट रॉयल कम्युनिटी ग्रुप (वार्ड्स 9 और 10)**

माउंट रॉयल कम्युनिटी ग्रुप (Mount Royal Community Group), मजेदार मूवी नाइट्स और गतिविधियां आयोजित करके, अपने क्षेत्र में स्कूलों को सहयोग करके और सुरक्षा में सुधार के लिए लोकल सरकार के पास नेबरहुड हेतु हिमायत करके, संगठित कम्युनिटी बनाने के लिए इसके निवासियों के बीच संबंधों के निर्माण के लिए काम करता है।






# भाग
# आठ



# स्वीकृतियां

यह गाइड तैयार करने के लिए, सी.एस.डबल्यू.ओ. ने, पूरे ओनटैरियो में मौजूदा नेबरहुड एसोसिएशन प्रोग्रामों का जुरिसडिक्शनल स्कैन किया। उसके साथ, सी.एस. डबल्यू.ओ., हमारी कम्युनिटी के अंदर नेबरहुड एसोसिएशनें स्थापित करने और कायम रखने के लिए निवासियों के साथ एक ढांचा साझा करने के लिए उत्साहित है। हम हमारे नेबरहुड्स में सुरक्षा और भलाई को बढ़ाने के लिए, निवासी समूहों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

कम्युनिटी सर्विसिज विभाग को, नेबरहुड एसोसिएशनों की सहायता के लिए बेहद खुशी है क्योंकि हम ऐसे नेबरहुड प्रोजेक्ट प्रदान करते हैं, जो कम्युनिटी को नए और रोमांचक तरीकों के साथ लाभ पहुंचाते हैं, जो सशक्तिकरण करते हैं और कम्युनिटीज के अंदर ब्रैम्पटन को जोड़ते हैं, जहां लोग सुरक्षित और अपनेपन की भावना महसूस करते हैं।

ब्रैम्पटन, सभी के आनंद लेने के लिए आकर्षक आउटडोर जगहों वाला एक खूबसूरत शहर है। हमारे शहर को साफ, हरा-भरा और सुरक्षित रखने में हर किसी के लिए कोई न कोई भूमिका है!

# टिप्पणियाँ:



## COMMUNITY SAFETY & WELL-BEING

कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस
2 वेलिंग्टन स्ट्रीट वेस्ट
ब्रैम्पटन, ओनटैरियो, L6Y 4R2)

CSWO@brampton.ca
www.brampton.ca/communitysafety

निवेदन पर वैकल्पिक फॉर्मैट उपलब्ध हैं।
निवेदन करने के लिए, accessibility@brampton.ca पर ईमेल करें।

BRAMPTON